प्रेसविज्ञप्ति/ PRESS RELEASE 04.05.2023

# श्री आशुतोष चौधरी ने इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया

**चेन्नै, 4मई, 2023:** श्री आशुतोष चौधरी ने 3 मई, 2023 को इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया।

इससे पूर्व वे पंजाब नेशनल बैंक में मुख्य महाप्रबंधक एवं ग्रूप सीआरओ के रूप में सेवारत थे। श्री आशुतोष चौधरी, सार्वजनिक क्षेत्र के चार बैंकों, पंजाब नेशनल बैंक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया एवं इलाहाबाद बैंक के कई कार्यालयों में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए सफलता की बुलंदियों पर पहुंचे। उन्होंने पीएनबी की एक सहायक इकाई - पीएनबी गिल्ट्स, जोकि भारतीय पूंजी एवं ऋण बाज़ार में प्राइमरी डीलर के रूप में कार्य कर रही है, के निदेशक मण्डल में भी अपनी सेवाएँ दी है।

उन्होंने एंटरप्राइज़ जोखिम प्रबंधन, स्ट्रेटेजिक प्लानिंग, एमएसएमई व रीटेल क्रेडिट, लाभ केन्द्रित परिचालन, फिनटेक व डिजिटल बैंकिंग, राजकोष, कॉर्पोरेट क्रेडिट, सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन, बैलेंस शीट मैनेजमेंट क्षेत्रों में कार्य किया है एवं वे दो दशकों का समृद्ध बैंकिंग अनुभव लेकर आए हैं।

श्री आशुतोष चौधरी, एमबीए एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के प्रमाणित सदस्य भी हैं। उन्होंने आईआईएम बैंगलोर में एग्ज़ीक्यूटिव लीडरशिप डेवलपमेंट कार्यक्रम को भी पूर्ण किया है।